प्रथम रक्तदान शिविर 27-09-2020

मीणा छात्रावास एवं अध्यन केंद्र एलुमनाई संस्था की द्वितीय कार्यकारिणी के द्वारा प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 27 सितंबर 2020 को छात्रावास प्रांगण में वार्डन महोदय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । इस रक्तदान शिविर में लगभग 250 यूनिट से भी ज्यादा लोगों ने ब्लड डोनेट किया जिसमें छात्रावास के साथियों के साथ साथ स्वैच्छिक रक्तदाता भी उपस्थित रहे । इस उपलक्ष पर भूतपूर्व छात्रों के द्वारा आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया जिसकी राशि लगभग ₹309000 रही। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि जब पूरा विश्व कोविड-19 के संकट से गुजर रहा था तब एलुमनाई संस्था के द्वारा भूतपूर्व छात्रों एवं सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के चिकित्सकों के सहयोग से इस रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम सामाजिक सेवा के साथ सभी के लिए प्रेरणास्पद रहा इस कार्यक्रम में सभी साथियों के सहयोग के लिए एलुमनाई टीम के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।